हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 24 अगस्त 2025



13 सब्जी बाजारों में डस्टबिन नहीं होने से कचरा बन ...



14 शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक रही पारम्परिक ...







## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें



फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध
24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज
बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध



वयस्क यूरोलॉजी - डॉ. आकाश अग्रवाल (MBBS, MS, MCH)
प्रोस्टेट में सूजन, प्रोस्टेट कैंसर, ब्लैडर कैंसर, मूत्रमार्ग इन्फेक्शन, लिंग का टेढ़ा हो जाना, किडनी और ब्लैडर की पथरी, स्ट्रिक्टर-पेशाब नाली में सिकुड़न, इंकॉन्टीनेंस-पेशाब निकल जाना, पेनफुल ईरेक्शन (पेरोनी डिजीज) तथा अन्य मूत्र सम्बन्धी बीमारी
एसएमसी हॉस्पिटल
रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे, अर्जुनी, धमतरी
मो. 7725046397



आज ही सम्पर्क करें

पीडियाट्रिक यूरोलॉजी- डॉ. प्रदीप साहू (MBBS, MS, MCH)
फिमोसिस, पैरा फिमोसिस, हाइपोस्पेडियास, यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन, वेसिकोयुरेटेरल रिफ्लक्स, किडनी में सूजन, न्यूरोजेनिक ब्लैडर, बिस्तर में पेशाब कर देना, वेरीकोसील, क्रिप्टोरकैडीस्म तथा बच्चों की अन्य, सभी मूत्र सबंधित समस्याएँ।
प्रदीप हॉस्पिटल
बाईपास रोड, कुरुद, जिला- धमतरी
मो. 7725001343, 9893659633




खबर संक्षेप

### फिट इंडिया मिशन साइकिल रैली आज



**धमतरी।** भारत सरकार खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया मिशन चलाया जा रहा है जिसके तहत रविवार की सुबह 7 बजे पुलिस लाइन के सामने रूद्री चौक से फिट इंडिया मिशन साइकिल रैली का आयोजन किया गया है। रैली का समापन गंगरेल के रेस्ट हाउस में होगा। संडे आफ आन साइकिल का यह विशेष संस्करण फिटनेस व स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए किया जा रहा है। फिटनेस को जन-जन तक पहुंचाने और भारत निर्माण में अपना सहयोग देने सभी से अपील की गई है। रैली में साइकिल लाना अनिवार्य है। रैली के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए कहा गया है।

### मुजगहन में करुभात तीज महोत्सव कल

**धमतरी।** जय परशुराम विप्र ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में 25 अगस्त सोमवार को करु भात तीज महोत्सव का आयोजन हरदिहा साहू समाज भवन मुजगहन में शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में समाज अध्यक्ष कमलनारायण तिवारी, राजकुमार तिवारी, हरिनारायण तिवारी, द्वारिका तिवारी, संतोष तिवारी, डा संजय तिवारी, प्रदीप तिवारी, विजय तिवारी, राजेश तिवारी जुटे हैं।

### जिला स्तरीय खेलकूद समारोह आज

**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय रांकाडीह में जिला स्तरीय बालवर्ग खेलकूद समारोह का आयोजन 24 अगस्त को सुबह 9 बजे किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजराम साहू सरपंच रांकाडीह होंगे। अध्यक्षता दीनबंधु सिन्हा अध्यक्ष सरस्वती ग्रामीण शिशु समिति करेंगे। विशिष्ट अतिथि रोहित मोहन साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल मगरलोड, शत्रुघ्न साहू सदस्य भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी, अरुण कंवर अध्यक्ष मधुबन मेला समिति, किरण साहू उपसरपंच रांकाडीह, जयनारायण साहू सरपंच खैरझिटी, दशोदा साहू सरपंच कुंडेल, दीक्षा पटेल सरपंच भोथीडीह, सरिता कश्यप जनपद सदस्य होंगे।

बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन हुआ अलर्ट

# 90 प्रतिशत भरा गंगरेल बांध, कभी भी छूट सकता है महानदी में पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कैचमेंट एरिया में भरपूर बारिश से गंगरेल बांध लबालब हो चुका है। यहां क्षमता का 90 प्रतिशत पानी भर चुका है। पानी की आवक लगातार जारी है। बांध की सुरक्षा को देखते हुए कभी भी महानदी में पानी छोड़ा जा सकता है। नदी के तटीय क्षेत्र के गांवों में मुनादी भी करवा दी गई है।

मानसून के एक्टिव होने से प्रदेश के बड़े बांधों में एक रविशंकरसागर बांध (गंगरेल) का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बांध का पूर्ण जलभराव स्तर 348.70 मीटर है, जबकि शनिवार को यहां का जलस्तर 347.85 मीटर पहुंच गया था जो अधिकतम स्तर से मात्र 0.85 मीटर कम है। ▶▶ शेष पेज 13 पर



### सुरक्षा बरतने के दिए निर्देश

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा स्थिति पर सतत निगरानी रखे हुए हैं। उन्होंने डाउनस्ट्रीम क्षेत्र की सुरक्षा को देखते हुए संबंधित विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। निचले इलाकों और नदी किनारे बसे गांवों व कस्बों के निवासियों एवं पशुधन को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की अग्रिम व्यवस्था करने कहा है। बाढ़ से प्रभावित संभावित क्षेत्र को शीघ्र खाली कराए जाने के निर्देश भी दिए हैं साथ ही बांध के जलस्तर और गेट संचालन की अद्यतन जानकारी नियमित रूप से जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को उपलब्ध कराने कहा गया है।

### पड़ोसी जिलों व राज्यों को भी सूचना

गंगरेल बांध का डाउनस्ट्रीम जलप्रवाह पड़ोसी जिला रायपुर, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार, भाटापारा, जांजगीर-चांपा, रायगढ़ सहित ओडिशा राज्य के संबलपुर जिले से होकर गुजरता है। बांध की स्थिति को देखते हुए संबंधित जिलों के कलेक्टरों को भी तत्काल सूचना भेजी गई है, ताकि वहां भी प्रशासनिक तैयारियां सुनिश्चित की जा सके। जिले के आपदा प्रबंधन दल, स्वास्थ्य विभाग और पुलिस बल को अलर्ट पर रखा गया है। संभावित बाढ़ की सूचना नागरिकों तक पहुंचाने के लिए मोबाइल संदेश, समाचार पत्र, टीवी एवं रेडियो के माध्यम से जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में दुर्लभ पक्षी की मौजूदगी





■ शेर-तेंदुआ को आकर्षित करने 35 हिरणों का दल रिजर्व फारेस्ट में छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पश्चिम घाट का मलाबार पाइड हार्नबिल पक्षी उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के जंगल में पाया गया है। इसकी मौजूदगी की पुष्टि फारेस्ट रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर ने की है।

डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि भारत के पश्चिम घाट केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र तथा हिमांचल क्षेत्र में पाये जाने वाले दुर्लभ पक्षी मलाबार पाइड हार्नबिल को सीतानदी उदंती रिजर्व फारेस्ट में देखा गया है। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने बताया कि इसकी लंबाई करीब 65 सेमी होती है। इसकी चोंच पीले रंग की होती है जिस पर एक बड़ा काला आवरण होता है। मादा पक्षी की त्वचा सफेद होती है। इसके पेट, गले के धब्बे, पूंछ किनारे एवं पंख के पिछले किनारों के अलावा इसके पंख काले होते है।

श्री जैन ने बताया कि जंगल सफारी रायपुर से 35 हिरण उदंती सीतानदी के जंगल में छोड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि जंगल में हिरण की संख्या खूब है। तेंदुए शिकार के लिए गांवों की ओर रूख करते हैं। इसे जंगल में ही शिकार मिले, इसके लिए 35 हिरणों को रायपुर के जंगल सफारी से लाकर यहां छोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व से टाइगर की वापसी हो गई है। आने वाले दिनों में टाइगर की संख्या बढ़ सकती है। हिरणों की अधिक संख्या टाइगर को आकर्षित करने का काम कर सकती है।

## मानसिक बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने किया जहर सेवन, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मानसिक बीमारी से पीड़ित अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पेटेचुवा थाना गुरूर निवासी इंदल सिंग गावड़े पिता सुरूज उम्र 52 वर्ष किसानी का काम करता था। लगभग एक वर्ष से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। 16 अगस्त को अधेड़ व उसकी पत्नी घर पर थे। परिजन काम पर चले गए। इसी दौरान अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर अधेड़ को उपचार के लिए गुरूर अस्पताल लाया गया। यहां से रिफर करने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान अधेड़ की शुक्रवार की रात्रि अस्पताल में मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

## दस हजार के अवैध गांजा के साथ आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ रूद्री पुलिस ने की कार्रवाई

अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के लिए घर में छिपाकर रखने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रूद्री पुलिस को मुखबिर से रूद्री रोड स्थित कैलाशपति नगर के अटल आवास निवासी द्वारा अपने घर में बिक्री करने गांजा छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही रूद्री पुलिस की टीम तत्काल अटल आवास पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध से पूछताछ की। उक्त व्यक्ति ने अपना नाम नरेंद्र धृतलहरे पिता रामरतन उम्र 32 वर्ष अटल आवास कैलाशपति नगर निवासी बताया। आरोपी ने अपने पास गांजा रखना स्वीकार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक



थैला में एक किलो 158 ग्राम गांजा कीमत लगभग 10 हजार रुपए बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ रूद्री थाना में धारा 20 की एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र धृतलहर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## बटंची चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

रमसगरी तालाब के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कोतवाली पुलिस को मुखबिर से रमसगरी तालाब स्थित साईं मंदिर के पास एक युवक द्वारा बटंची चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश करने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल रमसगरी तालाब पहुंची और घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। युवक लोहे का बटंची चाकू लेकर हवा में लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मो. मस्तकिम पिता अब्दुल जाकिर



उम्र 27 वर्ष जिला अस्पताल के पास रिसाईपारा निवासी बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बटंची चाकू जब्त किया। कोतवाली में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी मो. मस्तकिम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। पुलिस गुंडा-बदमाशों, असामाजिक तत्वों व अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

बिजली, सड़क, पानी, वन अधिकार पट्टा तथा आश्रित ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग

# वनांचल के सात गांव के ग्रामीण आज भी अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वनांचल क्षेत्र के सात गांवों के लोग आज भी आदिमानव जीवन जी रहे हैं। आजादी के 78 वर्ष बाद भी यहां के लोग बिजली, सड़क, पानी के लिए तरस रहे हैं। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने उमरादैहान, ठेकलाभर्री, छुही भर्री, देवभर्री, कुसुमभर्री, बोइरनाला, बोदलवाडी के आदिवासियों की मांग का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा।



लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के शिवप्रसाद नेताम, कन्हैया, मंगलराम, पुनारद, अजय मरकाम, छन्नूराम, जयसिंग, शिव मंडावी, दसरूराम, मिलाराम, राजू नेताम ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वनांचल के उमरादैहान, देवभर्री, छुहीभर्री, ठेकलाभर्री, कुसुमभर्री, बोईरनाला, बोदलवाडी गांव के आदिवासी 70 साल से खेती कर रहे हैं तथा 50 साल से गांव में निवासरत हैं। शासन-प्रशासन से कई बार आवेदन करने के बाद भी उन्हें अब तक वनभूमि अधिकार पत्र नहीं दिया गया है। उनके गांव में बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं हैं। उक्त गांवों को ग्राम पंचायत से जोड़कर आश्रित गांव का दर्जा देने यहां पूर्व में विद्युतीकरण की स्वीकृति दी गई थी। टेंडर होने के बाद भी विद्युतीकरण नहीं हो पाया है। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने आदिवासियों को मूलभूत सुविधाएं दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

## कोलियारी में रामधुनी स्पर्धा का समापन आज



**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम कोलियारी में ग्रामवासियों के सहयोग से 23 एवं 24 अगस्त को रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 12 रामधुनी मंडलियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन आज होगा। अतिथि बिट्टू सार्वा, गणेश्वर ध्रुव, अमर धामेजा, सुमित, प्रकाश सोनकर, डा. भूपेंद्र साहू, महेंद्र चक्रधारी, रूद्रेश्वर सोनकर, संजय निषाद, श्रीराम ध्रुव, वीरू सोनकर, सोहन साहू, दीपक सोनकर, राममिलन चक्रधारी, केशरी यादव, रंजीत सोनकर, जगदीश चक्रधारी, वासुदेव सोनकर, लक्ष्यकुमार सोनकर, निशार खान, हीरालाल साहू, नारायण देवांगन, नंदकुमार सोनकर, बीरांगण साहू, अभय सोनकर, अमर साहू, संतोष वाकड़े, ऋषि सोनकर, लक्ष्मीनारायण, कमलेश यादव, पन्नी चक्रधारी, चंद्रशेखर, अनिल साहू, हेमलाल साहू होंगे। झांकी पक्ष में विजेता को प्रथम पुरस्कार 7001 रुपए, द्वितीय 5001 रुपए दिया जायेगा। सभी मंडलियों को सांत्वना पुरस्कार 5001 रुपए दिया जाएगा। गायन पक्ष में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 4001 रुपए दिया जायेगा। अनुशासन, वेशभूषा, गायन, झांकी पर विशेष पुरस्कार प्रत्येक मंडली को 501 रुपए दिया जाएगा।

### ग्रामसभा में भैंसमुंडी के ग्रामीणों ने लिए कई कड़े फैसले

# गांव में शराब बेचते पकड़े जाने पर लगेगा 25 हजार का अर्थदंड

- महिलाओं ने संभाली नशामुक्ति और स्वच्छता की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम पंचायत भैंसमुंडी में सरपंच ओमप्रकाश यादव की उपस्थिति में ग्रामसभा आयोजित की गई। इस दौरान ग्रामीणों के हित को लेकर ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। इस बार की ग्रामसभा में गांव की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। नशा मुक्ति एवं स्वच्छता को लेकर कठोर फैसले लिए गए। महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि गांव की आने वाली पीढ़ी नशे और गंदगी की चपेट में न आए, इसके लिए सख्त नियम जरूरी हैं। निर्णय लिया कि गांव में कोई भी व्यक्ति शराब बेचते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगेगा और जब तक वह व्यक्ति ग्रामसभा के प्रस्ताव को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं करेगा, तब तक उसे सामाजिक सहयोग से वंचित रखा जाएगा। महिलाओं के प्रस्ताव पर खोमचा, अंडा-भुर्जी, मुर्गा, मछली, उबला अंडा और तले हुए मांसाहारी पदार्थों की बिक्री गांव में पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी गई है। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए तय किया गया कि गांव के किसी भी किराना दुकान, पान ठेला या होटल में खुले डिस्पोजल पाए जाने पर संबंधित दुकानदार को 1 हजार रूपये का अर्थदंड देना होगा। इसकी निगरानी महिलाओं की समिति करेगी। इसके अतिरिक्त गांव की गली, चौक-चौराहों, होटल या किसी भी दुकान पर शराब पीते हुए पकड़े जाने पर 21 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। पश्चात शासन की कार्रवाई भी प्रभावी रहेगी। ग्रामसभा के दौरान महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे नशामुक्ति और स्वच्छता का संदेश हर घर तक पहुंचाएंगी। ग्राम पंचायत का यह फैसला महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका का उज्ज्वल उदाहरण है। ग्रामसभा में लिया गया निर्णय निश्चित रूप से गांव को नशामुक्त, स्वच्छ और अनुशासित समाज की ओर अग्रसर करेगा।

मौके पर सरपंच ओमप्रकाश यादव, उपसरपंच जानकी यादव, पंचगण पोखराज साहू, पोषण साहू, गांधी यादव, रामबरन साहू, हेमंत साहू, रिंकू साहू, डोमिका यादव, मीनाक्षी साहू, देवकी साहू, लता साहू, चमेली विश्वकर्मा, सचिव युवराज साहू, रोजगार सहायक जानूराम साहू, दुर्गा साहू पूर्व सरपंच, त्रिलोकचंद साहू पूर्व सरपंच, दुर्योधन निषाद पूर्व उपसरपंच, गेंदलाल साहू, संतोष चंद्राकार, मौजीराम साहू, हेमंत निषाद, आशाबाई साहू पूर्व पंच, मंजीत निषाद, नीराबाई साहू, टेकराम साहू, टामिन पटेल, पूर्णिमा यादव, राधिका चंद्राकर, चैनसिंग साहू, सहदेव निषाद, भगोली साहू, भोजराम साहू, विष्णु निषाद, धन्नू निषाद, हितेश यादव, लुकेश्वरी यादव, प्रमिला साहू, पूर्णिमा निर्मलकर, कुंती साहू पूर्व उपसरपंच शामिल रहे।

# नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती : ज्योति

- आमदी कॉलेज में नशामुक्ति अभियान का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)






शासकीय महाविद्यालय आमदी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन में नशामुक्ति अभियान का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम रासेयो इकाई तथा रेडरिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। डा. जायसवाल ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधक है। सभी व्यक्ति को नशा से दूर रहना चाहिए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष एवं महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू ने कहा कि आज नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है अपितु पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करता है। युवाओं को चाहिए कि वे नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित करें और समाज के लिए प्रेरणा बनें। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि संस्कारों को भी आत्मसात करना है। जब युवा पीढ़ी नशामुक्त और जागरूक होगी तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। इस अवसर पर रासेयो अधिकारी डीगेश्वर अटल ने छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा कहा कि युवाओं के जागरूक होने से ही नशामुक्त भारत का सपना साकार होगा।

इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरूण बैनर्जी, अंकित बोधवानी व अतिथि सहायक प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, युगेश्वर प्रसाद, रमेशकुमार, डॉ. उपमा, मन्नूलाल साहू समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## अच्छी फसल के लिए महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

**नगरी।** ग्राम उमरगांव के शीतला मंदिर में गांव की सुख-समृद्धि एवं निरोगी फसल हेतु महिलाएं तीन गुरुवार तक व्रत रखकर अपने खेतों में पूजा अर्चना कर अच्छी फसल की कामना करती हैं। अंतिम गुरुवार को माता शीतला मंदिर प्रांगण में हवन पूजन पुरोहित दिलीप पाठक द्वारा विधि-विधान से कराया गया। इस अवसर पर ग्राम समिति के पदाधिकारी कृष्ण कुमार मारकोले, लखन पुजारी, जनक साहू, मंशा सोम, रामबाई साहू, हेमलता साहू, दामिनी पुजारी, गीतांजलि साहू, नीता साहू, अंजनि सेन, चन्द्रिका साहू, कामेश्वरी साहू उपस्थित थे।

# पारंपरिक पोरा तिहार में शामिल हुए मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के नवा रायपुर स्थित निवास में पारंपरिक पोरा तिहार का आयोजन हुआ। यह आयोजन सामाजिक समरसता और छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं का जीवंत प्रतीक बना। लोकधुनों और पारंपरिक खेलों ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परम्परा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल रमन डेका, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्रीगण लखनलाल देवांगन, गजेन्द्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, विधायकगण रोहित साहू, इंद्रकुमार साहू तथा निगम मंडल आयोग के अध्यक्षगण रामप्रताप सिंह, अमरजीत सिंह छाबड़ा, श्रीमती वर्णिका शर्मा और भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राहुल टिकरिहा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। समारोह में सभी ने छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक संस्कृति का आनंद उठाया।

# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

मेचका क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से बारह पाली मुचकुंद ऋषि सेवा समिति ट्रस्ट मेचका के तत्वावधान में वृहद पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ बोरझा, श्रीधन सोम सरपंच, जीवन नाग पूर्व सरपंच, विमला धुर्वा उपसरपंच, परमात्मा कुंजाम पंच, राजू साहू, गया मांझी, दिनेश नाग , भूपेंद्र नाग, राजा, संतोष, रामशरण, दयाराम ग्राम पटेल, वरिष्ठ नागरिक, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, महिला समूह तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संतुलन, स्वच्छता और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों ने एकजुटता और सामूहिक सहयोग का परिचय दिया। मुचकुंद ऋषि सेवा समिति ट्रस्ट बारहपाली मेचका के सदस्यों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही प्रकृति संरक्षण का संकल्प सफल हो सकता है।

# भालू के हमले से गंभीर ग्रामीण की मदद की

- ग्रामीणों और समाजसेवियों ने पीड़ित परिवार को दिए 11,500 रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



ग्राम पोड़ागांव घटुला निवासी हरखूराम मरकाम पर 19 अगस्त को जंगल में लकड़ी लेने के दौरान जंगली भालू ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए ग्राम पोड़ागांव के युवाओं समेत नगरी, बोराई, गरियाबंद व आसपास के क्षेत्रवासियों ने आगे आकर मानवता का परिचय दिया।

ग्रामीणों और समाजसेवियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से सहयोग राशि 11,500 रुपये एकत्रित की। इस राशि को संकलनकर्ता हुलास सूर्याकर, ग्रामीण अध्यक्ष नत्थेराम सूर्याकर, ग्राम पटेल ओमप्रकाश नाग, सर्व आदिवासी समाज ग्रामीण अध्यक्ष देवदत्त सोम, सहित प्रकाश सूर्यवंशी, कुंतालाल नाग, पुनेश्वर ध्रुव और बोधन सिंह ने पीड़ित परिवार तक पहुंचाया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने हरखूराम मरकाम के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की और परिवार को ढांढस बंधाया। पीड़ित परिवार एवं ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# बाल मेला व पोला तिहार मनाया गया बच्चों ने खेल गतिविधियों में भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

आंगनबाड़ी व बालवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में बाल मेला व पोला तिहार का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे बच्चों के द्वारा किए जा रहे शैक्षिक टीएलएम, खेल गतिविधि ,पोषण आहार आदि का प्रदर्शन किया गया। नन्हे बच्चों ने पोला त्योहार में नांदिया बैल का पूजन कर खेल गतिविधियों में भाग लिया साथ ही बच्चों को शारीरिक स्वरूप से मजबूत एवं स्वस्थ बनाने चलाई जा रही शासन की योजनाओं से पालकों को अवगत कराया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता कश्यप ने शैक्षिक सामग्रियों का स्टाल लगाकर उनके बारे में बताया। शिक्षक संतोष बांधव ने बच्चों से शैक्षिक, मौखिक प्रश्न उत्तर, खेल गतिविधियां कराई जिसमें बच्चे बड़े ही सहजता से सभी गतिविधियों में शामिल हुए। शिक्षक ने बारिश के दिनों में होने वाले मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय एवं स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर जन भागीदारी अध्यक्ष खम्मन मरकाम, प्रधानपाठक ममता प्रजापति, पार्वती ध्रुव, संतोष बांधव, पंच चैनीबाई कश्यप, अनीता कश्यप, लक्ष्मी ध्रुव, हेमिन नेताम, सावित्री निषाद, कमितला बाई ध्रुव, सावित्री नेताम, केजाबाई मरकाम उपस्थित थे।

# महक मिस फ्रेशर, कामिनी मिस ब्यूटी व विभा मिस परफेक्ट चुनी गई



- कन्या महाविद्यालय में "परिचय" थीम पर फ्रेशर पार्टी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की वरिष्ठ छात्राओं द्वारा नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत हेतु परिचय थीम पर फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ. राजपुरिया ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षण का आनंद लेते हुए शिक्षा प्राप्त करें और अपने लक्ष्यों को स्पष्ट कर निरंतर आगे बढ़ें। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष ओपी चंदे ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष मधुमाधव देव ने छात्राओं को अनुशासन और सतत प्रयास द्वारा अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर बांधे ने खेलों में सक्रिय भागीदारी हेतु छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं निकिता साहू, भूमिका साहू, महक नागदेवे ने मनमोहक नृत्य व गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्राएं विभा साहू, कामिनी साहू, पूनम साहू और मीनाक्षी साहू ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महक को मिस फ्रेशर, कामिनी को मिस ब्यूटी तथा विभा को मिस परफेक्ट की उपाधि प्रदान की गई।

## चक्रास हीलिंग मेडिटेशन कैम्प 8 से

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जैन श्रीसंघ एवं शांत-क्रांति संघ नगरी के तत्वावधान में बौद्ध ध्यान एवं चक्रास हीलिंग मेडिटेशन कैम्प का आयोजन 8 से 15 सितंबर तक प्रातः 7:15 से 8:15 बजे तक कृषि उपज मंडी डिपो रोड नगरी में किया जा रहा है। यह विशेष ध्यान साधना आचार्य भगवंत 1008 श्री विजयमस्तु मसा की आज्ञानुवर्ती ध्यानाराधिका साध्वी श्री प.उ. विजय श्रीजी मसा के मार्गदर्शन में होगी। कैंप में तनाव, गैस, एसीडिटी, आलस्य, डायबिटीज, बीपी, पेट दर्द, माइग्रेन, डिप्रेशन, थायराइड एवं कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों से राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिभागी को खाली पेट आना होगा। श्वेत वस्त्र धारण करें। इसकी तैयारी में कुशाल ढेलड़िया, राजा छाजेड़, अजय छाजेड़, आशीष छाजेड़, रिखभ सोनी, विजय सोनी, कुशाल छाजेड़, ज्ञानचंद ढेलड़िया, अनिल ढेलड़िया, उत्तम गोलछा, अनिल छाजेड़, मनोज छाजेड़, अजय नाहटा जुटे हैं।

# शिल्पकारों ने जिपं उपाध्यक्ष को नांदिया बैल भेंट किया



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम कठौली के काष्ठ शिल्पकार महेश निषाद और ऋषभदेव निषाद ने 23 अगस्त को जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू से मुलाकात की। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत कठौली के काष्ठ शिल्पकार की एक अलग पहचान है। वह अनेक प्रकार की आकृतियों को लकड़ियों पर अपनी कला के माध्यम से एक सुव्यवस्थित और अद्भुत आकार देते हैं। उन्होंने पोला पर्व पर जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू को लकड़ी से बना नांदिया बैल भेंट किया। इस अवसर पर गौकरण साहू ने कहा कि काष्ठ कलाकार अपनी अद्भुत कलाओं के धनी हैं। वे लकड़ियों पर अपनी कलाओं की छवि उकेरते हैं। काष्ठ कलाकारों द्वारा कला, संस्कृति के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल करने पर गर्व महसूस हुआ।

### पंजीयन कक्ष, ओपीडी एवं वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

# स्वास्थ्य मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया आत्मीय स्वागत

- अस्पताल में अतिरिक्त कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल के लिए 68 लाख रूपये स्वीकृत किये
- स्वास्थ्य मंत्री ने वार्ड में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)



प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बालोद जिला प्रवास के दौरान उपस्वास्थ्य केन्द्र पुरूर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में अतिरिक्त कक्ष एवं बाउण्ड्रीवाल हेतु 68 लाख रूपये स्वीकृत किये। इससे पूर्व मंत्री श्री जायसवाल को पुरूर पहुंचते ही भाजपा मंडल पुरूर के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अस्पताल में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य एवं सुविधाओं की जानकारी ली। पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय ने स्वास्थ्य केन्द्र पुरूर की मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी दी जिस पर मंत्री ने पांच अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु 40 लाख रूपये एवं बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 18 लाख रूपये एवं विकासखंड के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 10 लाख रूपये की घोषणा की। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर अस्पताल की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। अस्पताल के पंजीयन कक्ष, ओपीडी एवं वार्ड का निरीक्षण कर व्यस्थाओं का अवलोकन किया। वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनका हाल जाना तथा मरीजों को प्रदान किए जाने वाले भोजन, नाश्ता, पेयजल, दवाइयों के अलावा अस्पताल के शौचालय स्नानागार आदि व्यवस्थाओं एवं समुचित इलाज की जानकारी ली। मंत्री ने चिकित्सकों तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों से अस्पताल में साफ- सफाई की समुचित व्यवस्था करने के अलावा मरीजों के बेहतर इलाज, दवाई आदि सभी सुविधायें समय पर उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अटंग के प्रेमनगर में हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत अटंग के प्रेमनगर में तार फेसिंग कर पौधरोपण किया गया। फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही उनका संरक्षण करने का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम की अतिथि जनपद सदस्य उर्वशी बांधेकर, सरपंच गायत्री चेलक थी।

इस दौरान सरपंच ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर पंचगण समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय श्रीमान रजत कुमार निराला, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी-धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

(विवाद्यकों के स्थिरिकरण के लिए समन)

आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908

श्रीमती चम्पाबाई उर्फ चमारिन बाई ......वादी

विपरीत

आम जनता वगैरह ......प्रतिवादीगण

प्रकरण क्र.-61A/25 प्रो.क्र.-360/2025

पे.ता.-25/09/25

प्रति,
आम जनता
तह. व जिला-धमतरी (छ.ग.)

आप प्रतिवादी क्रमांक 01 के विरूद्ध वादिनी श्रीमती चम्पा बाई साहू पिता रामचरण साहू पति जोहन सिंह साहू एवं चमारिन बाई साहू पिता रामचरण साहू पति जोहन सिंह साहू के द्वारा उक्त दोनों नाम वादिनी का ही नाम है कि घोषणा की आज्ञप्ति पारित किये जाने बाबत् वादपत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जिस किसी आम जनता को आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 25.09.2025 को सुबह 11:00 बजे वादपत्र का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप स्वयं या किसी ऐसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सरवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश किया जाता है कि आप उस दिन आपकी प्रतिरक्षा का लिखित कथन आपत्ति करे और उस दिन ऐसी सभी दस्तावेजों को जो आपके कब्जे में है या शामिल में हो या न हो आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावों के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तिथि को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थित में किया जावेगा। यदि उक्त तिथि को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर की जावेगी।

एतद द्वारा दिनांक 22/08/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सील लगाकर जारी किया गया ।

दिनांक-22/08/25

न्यायाधीश
श्रीमान रजत कुमार निराला
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी-धमतरी,
जिला-धमतरी (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### रजत जयंती वर्ष पर देशभक्ति गीतों की हुई प्रस्तुति

**कोर्रा(भखारा)।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ को रजत जयंती के रूप में छत्तीसगढ़ शासन ने मनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के सभी शासकीय विद्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी के प्राचार्य रवींद्र कुमार कोसरे के निर्देशन में गांव के मंदिर परिसरों में सफाई अभियान चलाया गया। देशभक्ति गीत प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 90 प्रतिशत भरा गंगरेल बांध, कभी भी छूट सकता है महानदी में पानी

बांध में 90 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। कैचमेंट क्षेत्र में हो रही भारी वर्षा के चलते बांध में प्रतिदिन औसतन 14 हजार क्यूसेक पानी की आवक हो रही है, जिसके चलते जलस्तर में निरंतर वृद्धि हो रही है। आगामी कुछ दिनों में बांध शत-प्रतिशत भराव की स्थिति में पहुंच जाएगा। यदि कैचमेंट क्षेत्र में बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा तो बांध के गेट खोल दिए जाएंगे। ऐसी स्थिति में डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में अचानक जलप्रवाह बढ़ने और बाढ़ की आशंका है।

**पर्यटकों की भीड़ उमड़ेगी:** बांध के गेट खुलने के बाद नदी व बांध क्षेत्र में पर्यटकों भीड़ उमड़ती है। नजारा भी काफी मनमोहक हो जाता है। आनंद लेने के लिए पर्यटक रिस्क लेने से भी नहीं चूकते हैं। जिला प्रशासन ने गेट खुलने की स्थिति में सुरक्षा के इंतजाम करने के लिए पुलिस बल को सतर्क रहने कहा है।

### शहर की सुंदरता खराब होने के साथ पर्यावरण को हो रहा नुकसान

# सब्जी बाजारों में डस्टबिन नहीं होने से कचरा बन रहा मवेशियों का निवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर के सब्जी बाजारों में डस्टबिन नहीं होने से कचरा यत्र-तत्र फेंका जा रहा है जो खुले में घूम रहे मवेशियों का निवाला बन रहा है। मवेशी सब्जियों के अवशेष के साथ कागज, कार्टून, झिल्ली, पॉलीथीन खा रहे हैं। लावारिस मवेशी भोजन की तलाश में दिनभर बाजारों के आसपास भटते रहते हैं। सब्जी व्यवसायी द्वारा सड़ी गली सब्जियों को फेंकने से असहनीय बदबू भी उठ रही है। शहर की सुंदरता के खराब होने के साथ पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। शहर के इतवारी बाजार, गोलबाजार, रामबाग, बिलाईमाता रोड, सोरिद चौक, टिकरापारा चौक, रूद्री रोड, लक्ष्मी निवास चौक आदि क्षेत्र में सब्जी विक्रेता व्यवसाय करते नजर आएंगे लेकिन डस्टबिन के अभाव में कचरा सड़क किनारे फेंककर चले जाते हैं। कुछ स्थानों पर नालियों में डाला जा रहा है। सब्जियों का अवशेष मवेशियों का चारा बन रहा है।

शहरी नागरिक हेमंत करकरे, रोशन मंडावी, दीपक बंजारे, शिरोधार्य तिवारी, उत्कर्ष जैन का कहना है कि सब्जी व्यवसायी रात होते ही सब्जी के सड़े-गले अवशेष, झिल्ली, कार्टून, कागज, सड़क किनारे खुले में फेंक देते हैं। इससे शहर की सुंदरता खराब हो रही है। बाजार से दूर एक स्थान पर सीमेंट वाली टंकी बनवाई जाए ताकि वह स्थायी रूप से कचरे फेंकने का काम आए। टंकी भर जाने पर निगम कर्मी इसे उठाकर ले जा सकते हैं। इसके अलावा बाजार के अंदर बड़ा डस्टबिन रखा जाए ताकि व्यवसायी गीला, सूखा कचरा अलग-अलग रख सकें। कुछ स्थानों पर चलित लोहे का टैंक रखा जा सकता है। भरने के बाद इसे ट्रेंचिंग ग्राउंड में फेंका जा सकता है।

इधर सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बाजार में डस्टबिन रखा जाता है लेकिन असामाजिक तत्व इसमें आग लगा देते हैं। तोड़फोड़ कर खराब कर देते हैं। चोरी कर ले जाते हैं। यहां हमेशा डस्टबिन का अभाव रहता है। मजबूरी में सब्जी व्यवसायी सड़ी गली सब्जी मवेशी के सामने डाल देते हैं।

#### मवेशी मचाते हैं उत्पात, राहगीर परेशान

सब्जी अवशेष में भोजन की तलाश में पहुंचा मवेशियों का झुंड राहगीर के लिए बाधक बन रहा है। खाने के समय मवेशी आपस में ही भीड़ जाते हैं। घमासान के बीच रास्ता जाम हो जाता है। मवेशियों के उपद्रव से बचने व्यापारी भी शटर डाउन कर लेते हैं। चूंकि दो मवेशी की लड़ाई में अक्सर राहगीर चोटिल हो जाते हैं। घटों तक रूककर लड़ाई थमने का इंतजार करना पड़ता है। इधर कचरा फेंकने से शहर की सुंदरता खराब होती है। सड़े-गले फल, सब्जियों के कारण असहनीय बदबू उठती है।

## डीजल चोरी मामले को विस सदन में उठाने पूर्व मुख्यमंत्री से किया निवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के युवा कांग्रेस संगठन के महासचिव गीतराम सिन्हा ने धमतरी जिले में कथित डीजल चोरी मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ चर्चा की। श्री सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री से इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा सदन में उठाने का निवेदन किया। धमतरी जिले में डीजल चोरी का यह मामला स्थानीय स्तर पर जनता के बीच व्यापक असंतोष का कारण बन चुका है। यह न केवल सरकारी संसाधनों की बर्बादी का प्रतीक है, बल्कि आम जनता के हितों को भी प्रभावित कर रहा है। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवा कांग्रेस महासचिव के निवेदन का स्वागत करते हुए कहा कि जनहित के मुद्दे को सदन में उठाना हमारा संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधानसभा सत्र के दौरान इस मामले को प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## गुरु खुशवंत को मंत्री बनाने पर सतनामी समाज में हर्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गुरु खुशवंत साहेब के मंत्री बनने की खबर मिलते ही सतनामी समाज ने खुशी जाहिर की है। जिला सतनामी समाज ने घड़ी चौक में आतिशबाज़ी की। मिठाई बांटी। इस दौरान सतनामी समाज के जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में जोधापुर गुरुद्वारा में आरती मंगल कर बाइक रैली निकाली गई। रैली घड़ी चौक के पास समाप्त हुई।

जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने कहा कि गुरु खुशवंत साहेब के मंत्री बनने से प्रदेश भर के सतनामियों में हर्ष का माहौल है। गुरुजी के मंत्री बनने से प्रदेश की राजनीति में सतनामी समाज का ओहदा बढ़ा है। इस दौरान सलाहकार डा सुरेंद्र कुर्रे, रमेश लहरे, शिवकुमार कोसरे, सुंदरलाल सोनवानी, विशाल कोश्शले, डोमन चंदेल, मनोज, राजा कोशले, ऋषभ लहरे, साहिल टंडन, विकास मार्कण्डेय, विशेष डहरिया, तामेश भारती, रविन्द्र बंजारे, हंसराज बंजारे, महेंद्र बंजारे, जतिन कोशले, रवि डहरिया, शंकर टंडन, परस मार्कण्डेय, अभी बंजारे, आकाश टंडन समेत अन्य शामिल हुए।

## बच्चों ने दौड़ाए नांदिया बैल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



मगरलोड, भैंसमुडी, भरदा, परसवानी, मेघा, करेली छोटी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, लड़ेर,बोरसी, मोहंदी, जामली, करेली छोटी, छिपली, लुगे, सोनपैरी, अरौद, गिरौद, हरदी, बेलौदी, कुंडेल, मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, करेली बड़ी आदि गावों में पोला त्योहार धूमधाम से मनाया गया। छोटे छोटे बच्चों ने मिट्टी के नांदिया बैल दौड़ाए।

किसानों ने घर पर मिट्टी, लकड़ी से बने बैलों की पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने घर में ठेठरी खुरमी, सोंहारी और अईरसा जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए। यह पर्व किसानों द्वारा बैलों के प्रति श्रद्धा और आभार प्रकट करने के लिए समर्पित होता है। पोला मुख्य रूप से किसानों का त्योहार है, जो कृषि में बैलों की अहम भूमिका को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। बच्चे मिट्टी के बैल की पूजा कर उसे गांव की गलियों में लेकर घूमते नजर आए। वहीं लड़कियां मिट्टी के छोटे-छोटे बर्तनों में खाना पकाते दिखीं।

## एक पेड़ मां के नाम पर रोपे गए 120 पौधे

- स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय परिवार ने परिसर को हराभरा बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय परिवार ने मिलकर परिसर को हराभरा बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 120 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें नींबू, कटहल, सीताफल, करंज, गुलमोहर, पाम, आंवला, करन सहित विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं सजावटी पौधे शामिल थे। पौधरोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने कहा कि वृक्ष जीवन का आधार है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह मातृत्व को भी प्रकृति से जोड़ने का भाव जगाती है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी ने भी पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि एक पेड़ अपने माता-पिता के नाम पर लगाए और उसकी देखरेख करे तो धरती पुनः हरियाली से आच्छादित हो जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कौसलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, सुश्री निरूपा साहू, श्रीमती दिव्या देवांगन, डॉ. रमा चंद्राकर, दीपक कश्यप, बिनोद कुमार, श्रीमती सुशीला साहू, नीरज साहू, सुश्री सुषमा टंडन, सुश्री अंबालिका, टामनलाल साहू सहित बड़ी संख्या में एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## छिपली में महिला कमांडो एवं पुलिस विभाग की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम छिपली में महिला कमांडो एवं पुलिस विभाग की बैठक हुई। एसडीओपी श्रीमती रागिनी मिश्रा द्वारा महिला कमांडो को आत्मरक्षा व ग्राम में शांति व्यवस्था बनाए रखने की जानकारी दी गई तथा असामाजिक तत्वों से निपटने जागृत किया गया।

बैठक में महिला कमांडो अध्यक्ष पुरईन साहू, उपाध्यक्ष निर्मला साहू, सचिव टिकेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष गणेश्वरी साहू, सरपंच नारायणलाल साहू, युवा संगठन अध्यक्ष तुलेश पटेल, ग्रामीण विकास समिति सचिव थानेश्वर साहू, टीकम साहू, गुलाब साहू, मिलन साहू, रितिक दास, पुष्कर साहू, रवि यादव, छत्रपाल साहू, मेषकुमार, किशन साहू, रेखा यादव, लकेश्वरी साहू, अमृता निषाद, राजिम साहू, सोनई ध्रुव, रेखा पटेल, महेश्वरी दीवान, ओमकुमारी, अड़ारन, उर्मिला, भारती उपस्थित थे।

## बेलौदी के ग्रामीण अध्यक्ष बने परस पाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

ग्राम बेलौदी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। ग्राम के परसराम पाल 96 मत से विजयी होकर अध्यक्ष चुने गए। सचिव पद के उम्मीदवार राजूराम साहू 33 वोटों से विजयी रहे। कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए आडूराम साहू एवं बलराम साहू निर्विरोध मनोनीत किए गए। ग्राम के प्रथम नागरिक सीता तुम्मन साहू, पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार पाल, बीरेंद्र साहू ने शपथ ग्रहण के बाद कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर परमानंद साहू, कांशीराम साहू, उमेश साहू, उमेन्द्रराम साहू, चेतन साहू, राजेन्द्र साहू, दीवान पाल, लुकेश्वर साहू, लछमन पाल, महाजन साहू, भगवान साहू, मनोज, तोरण, विनोद, रूपुसूदन, टेकराम, निर्मल, नेकराम, लालाराम, विष्णु साहू, ओमप्रकाश बंजारे, वेदप्रकाश साहू, घनश्याम साहू, ग्रामीण सेवक हुलास साहू, कोटवार पोखराज देवदास समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## तनावमुक्त जीवन ही सफलता की कुंजी है : डॉ. द्विवेदी

- यशवंतराव मेघावाले महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन पर हुआ व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य मानव जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू बन गया है। पढ़ाई, प्रतिस्पर्धा और करियर की दौड़ में आज का युवा वर्ग मानसिक दबाव, अवसाद और तनाव जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। इन्हीं चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सरला द्विवेदी ने युवाओं को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी करना जीवन में गंभीर परिणाम ला सकता है। आजकल अधिकांश छात्र पढ़ाई के दबाव, पारिवारिक अपेक्षाओं और सामाजिक प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव का शिकार हो रहे हैं जिससे उनमें आत्महत्या जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं।

डॉ. द्विवेदी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही आवश्यक है उतना स्वस्थ मन के बिना स्वस्थ शरीर की कल्पना अधूरी है। उन्होंने छात्रों को समय का सही प्रबंधन करने, सकारात्मक सोच विकसित करने, अपनी रुचियों को समय देने और खेलकूद जैसी गतिविधियों में भाग लेकर तनाव को कम करने के तरीके बताए। उन्होंने यह भी समझाया कि सफलता पाने के लिए दूसरों से तुलना करने की बजाय अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहना चाहिए। यदि हम स्वयं को लगातार बेहतर बनाने का प्रयास करें, तो जीवन में किसी भी कठिनाई को सहजता से पार किया जा सकता है। डॉ. सरला द्विवेदी ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर स्वस्थ मन और स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया।

प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर ने कहा कि विद्यार्थियों को न केवल पढ़ाई में, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक कौसलेश ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, सुश्री निरूपा साहू, श्रीमती दिव्या देवांगन, डॉ. रमा चंद्राकर, दीपक कश्यप, विनोद कुमार, श्रीमती सुशीला साहू, नीरज साहू, सुश्री सुषमा टंडन, सुश्री अंबालिका साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### आज सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर

**कुरुद।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर 22 से 25 अगस्त तक पूरे भारत एवं नेपाल के 6000 से अधिक सेवा केंद्रों में रक्तदान अभियान चलाया जा रहा है और 100 घंटे में एक लाख यूनिट से अधिक रक्तदान करने का लक्ष्य है। इसी के तहत संस्था द्वारा सिविल अस्पताल में रविवार को प्रातः 9 से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। कुरुद सेंटर की सुनीता बहन ने शहरवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस महादान में सहयोगी बनकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने में हिस्सा बनिए। उन्होंने बताया कि बड़े ऑपरेशन, ट्रॉमा, सर्जरी, कैंसर, एनीमिया थैलेसेमिया आदि से पीड़ति मरीजों के लिए रक्त की आवश्यकता होती है। जो व्यक्ति रक्तदान करते हैं, उन्हें हार्ट अटैक का खतरा 88 फीसदी तक कम होता है। हृदय संबंधी बीमारी होने की संभावना 33 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

### सड़क के गड्ढों से आम लोगों को निजात दिलाएगी साय सरकार : चेतन

**धमतरी।** प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए 200 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिन्दूजा ने कहा कि बारिश के दिनों में सड़कों में गड्ढे हो जाते हैं। उन गड्ढों को भरने के लिए साय सरकार द्वारा 200 करोड़ रुपए की मंजूरी देना एक ऐतिहासिक निर्णय है। बारिश के बाद मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा और लोगों को गड्ढों से निजात मिलेगी। आवागमन का सुलभ साधन न सिर्फ लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करता है बल्कि विकास की संभावनाओं को प्रबल करता है और विकास के नए द्वार भी खोलता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार प्रदेश के विकास के लिए संकल्पित हैं।



किसानों ने नहला-धुलाकर किया बैलों का श्रृंगार, पूजा-अर्चना की

# शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक रही पारम्परिक पर्व पोला की धूम

## बच्चों ने खूब दौड़ाए नांदिया बैल, पारंपरिक व्यंजनों से महका रसोईघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ का पारम्परिक त्योहार पोला पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। किसानों ने अच्छी फसल की कामना करते हुए नांदिया बैल मिट्टी के बैल की देवस्थान पर रखकर पूजा- अर्चना की। मीठा चीला का भोग लगाया, आरती उतारकर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं बच्चों ने खूब नांदिया बैल दौड़ाए। यह त्योहार ग्रामीण अंचलों से जुड़ा हुआ है। किसान अपने मवेशियों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनकी पूजा करते है। वहीं छोटे बच्चे मिट्टी के खिलौने से खेलकर आनंद लेते है। कृषक भारत साहू, जगदीश पटेल, फागू पटेल, कुंजबिहारी मरकाम, त्रिलोचन साहू, रामस्वरूप साहू ने बताया कि पोला मुख्य रूप से किसानों का त्योहार है।



यह खेती किसानी और मिट्टी से जुड़ा पर्व है। छत्तीसगढ़ी व्यंजन, मीठा चीला का प्रसाद बनाकर भोग लगाया गया। अच्छी फसल और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

किसानों ने कहा कि खेतों में मेहनत करने वाले बैलों से इस दिन काम नहीं लिया। नहला धुलाकर उसका श्रृंगार किया। पूजा करके उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया। पूजा के लिए चीला, भजिया, ठेठरी, खुरमी, अरसा, मुठिया आदि प्रकार के व्यंजन बनाए गए। बच्चों ने पूजा के बाद मिट्टी के बैल दौड़ाए। यह परम्परा कृषि, मवेशी, खेत खलिहान के प्रति महत्व और सम्मान को दर्शाती है। इधर खेतों में इस दिन धान के पौधों की बालियों में दूध भरता है। इसे गर्भधारण की प्रक्रिया कहते है। इस दिन खेतों में काम करना मना रहता है। किसान पूजा-अर्चना कर चीला चढ़ाकर वापस आ जाते हैं। पं. राजकुमार तिवारी ने कहा कि यह पर्व मिट्टी से जुड़ा हुआ है। छग का प्रमुख पारम्परिक त्योहार है जिसे ग्रामीण अंचल के लोग सदियों से मनाते आ रहे हैं। यह पर्व अच्छी फसल, तंदरूस्त मवेशी, सुख समृद्धि, आनंद उत्सव का प्रतीक है। यह पर्व भगवान कृष्ण से भी जुड़ा है। इस दिन भगवान ने पोलासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसी खुशी में लोग उल्लास उमंग के साथ यह त्योहार मनाते हैं।

### तीज पर्व मनाने मायका आईं महिलाएं

पोला पर्व के दिन तीजा पर्व मनाने मायका आने का रिवाज है। महिलाएं अपने भाई, पिता, रिश्तेदार के साथ लेवाने जाने पर तीज त्योहार मनाने मायका आई। बसों में तिजहारिनों की भीड़ रही। आम रास्तों पर मायका जाती तिजहारिनें दिखीं। मायके वाले भी पोला में बने छत्तीसगढ़ी व्यंजन लेकर अपनी बहन बेटियों को तीज पर्व पर लेवाने बहनों के ससुराल पहुंचे।

## ग्रामवासियों की मांग पर सड़कों के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा : महापौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

क्षेत्र के विकास और बेहतर सड़क व्यवस्था की लंबे समय से चली आ रही मांग को लेकर तेलीनसत्ती, देमार, तरसींवा सहित आसपास के गांवों के ग्रामवासी एवं पदाधिकारी महापौर रामू रोहरा से मिले। ग्रामीणों ने खराब हो चुकी सड़कों की जल्द मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग रखी।

महापौर ने इसे तुरंत संज्ञान लिया और तेलीनसत्ती देमार तरसींवा मुख्य मार्ग के साथ अर्जुनी, खपरी, भानपुरी, तरसींवा, रांवा, कुर्रा, अमलीडीह एवं हसदा मुख्य मार्ग के लिए तत्काल अधिकारियों से बात की और ग्रामवासियों को बताया कि पूर्व में 172 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव को सौंपा गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द इन मार्गों को प्रशासकीय स्वीकृति मिल जाएगी।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि धमतरीवासियों का सहयोग और विश्वास ही मेरी ताकत है। गांव और शहर को जोड़ने वाली इन सड़कों का निर्माण धमतरी के विकास की रीढ़ साबित होगा। शासन से स्वीकृति मिलते ही सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जाएगी।

इस अवसर पर अमन राव मंडल अध्यक्ष, मुरारी यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष, राजू चन्द्राकर पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, परमेश्वर साहू, प्रभुराम साहू, नरोत्तम साहू, गुहनदास नवरंग, महेन्द्र हिरवानी, जीतू गोस्वामी, गरीब हिरवानी एवं बसदेव निर्मलकर मौजूद थे।

## कलिंगा यूनिवर्सिटी ने किया डॉ. आशीष नायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के सत्र 2024 में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल बाजारकुर्रीडीह के गणित के व्याख्याता डॉ. आशीष नायक का सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि शाल, प्रशस्ति पत्र द्वारा सभी राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षकों का सम्मान किया गया। यह सम्मान



कलिंगा विश्वविद्यालय के सभागार में आर्यवीर आर्य, संस्थापक एवं महासचिव गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं डॉ. संदीप गांधी कुलसचिव कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा किया गया। उन्हें यह सम्मान मिलने पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

## राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छग के खिलाड़ियों का दबदबा



**धमतरी।** सीनियर नेशनल पावर लिफ्टिंग इक्विप्ड अनइक्यूड बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 का आयोजन जमशेदपुर में किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से 40 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कोच टिकेश्वर निर्मलकर ने बताया कि धमतरी जिले से दो खिलाड़ी एवं इंटरनेशनल मेडलिस्ट, नेशनल रेफरी एवं कोच देवेंद्र यादव के साथ छत्तीसगढ़ की टीम रवाना हुई थी। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। महिला वर्ग में रनर अप चैंपियन ऑफ चैंपियन का भी खिताब जीता। दल्लीराजहरा की खिलाड़ी अंजनासिंग स्ट्रांग गर्ल बनीं। दुर्ग से दिलीप पटेल ने स्ट्रांग मेन का खिताब अपने नाम किया।

## सिवनीकला में हुई बैल सजावट, दौड़ स्पर्धा

### बैल सजावट स्पर्धा में केवल व बैल दौड़ में मोनू अव्वल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

ग्राम सिवनीकला में पोला पर्व धूमधाम से मनाया गया। पोला पर्व पर बैल सजावट और बैल दौड़ का आयोजन रखा गया। गांव में इस वर्ष में भी बैल दौड़ और सजावट स्पर्धा रखी गई। प्रतिभागी बैलों की सजावट करने के साथ ही सरपंच के निवास स्थान में पूजा अर्चना की गई। बैल सजावट स्पर्धा में केवल तारक प्रथम स्थान 1001 रुपए, दुर्जन पटेल द्वितीय स्थान 701 रुपए, ललित पटेल तृतीय स्थान 501 रुपए, पीतांबर साहू चतुर्थ स्थान 301 रुपए प्राप्त किया। बैल दौड़ प्रतियोगिता में मोनू यादव प्रथम 1001 रुपए, पीतांबर साहू द्वितीय 701 रुपए, छत्रपाल यादव



तृतीय 501 रुपए, तुषार यादव चतुर्थ स्थान पर 301 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रबुद्ध ग्रामीणों द्वारा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीण सचिव पृथ्वी ध्रुव, जितेश्वर ध्रुव सरपंच प्रतिनिधि, दीपदान साहू उपसरपंच, टेकराम साहू जनपद सदस्य, सुरेश तारक ग्राम पटेला, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, सुशील साहू, चंद्रप्रकाश साहू सोसाइटी अध्यक्ष, तेजराम साहू कोषाध्यक्ष, खिलावन, कुंजीलाल, विक्रम साहू, दिलेश्वर, सुरेश साहू, निर्मल पाल, पुरुषोत्तम पटेल, कपिल पटेल, लोमश पंच, हेमंत, कमल बया समेत अन्य उपस्थित थे।

## उज्जैन की तर्ज पर नगर में विराजेंगी जगत माता हरसिद्धि



- मंदिर समिति ने उज्जैन पहुंचकर की पूजा-अर्चना, लाया अभिमंत्रित श्रीफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर सेवा समिति के सदस्यों एवं शिवभक्तों ने मंदिर के मुख्य पुजारी हर्ष तिवारी के नेतृत्व में शिप्रा नदी के तट पर स्थित बाबा महाकाल के दर्शन पश्चात जगत माता मां हरसिद्धि मंदिर में सोलह श्रृंगार भेंट किया। हरसिद्धि माता मंदिर के पुजारी ऋषभगिरि महाराज ने पूजा अर्चना, आरती पश्चात अभिमंत्रित श्रीफल श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर धमतरी के पुजारी को भेंट किया। पुजारी हर्ष तिवारी ने बताया कि आगामी 22 सितंबर को शारदीय नवरात्र के अवसर पर धमतरी में मां हरसिद्धि की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। आयोजन को लेकर भक्तजनों में भारी उत्साह है। पंडित हर्ष तिवारी को भैरव तंत्र साधना पीठ उज्जैन द्वारा आशीर्वाद स्वरूप भैरव दंड भेंट किया गया। इस अवसर पर श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर धमतरी के अध्यक्ष सुभाष शर्मा एवं महासचिव पीयूष पांडे उपस्थित थे। समिति के सदस्यों ने बताया कि राजस्थान के जयपुर में माता की मनमोहक मूर्ति निर्माणाधीन है जिसे भव्य शोभायात्रा एवं आतिशबाजी के साथ नगर प्रवेश करवाया जाएगा।

## मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल में मनाया गया पोला पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण अंग पोला पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यह पर्व गांवों, शहरों और घरों में बैलों की पूजा और सम्मान के लिए मनाया जाता है। शाला की प्राचार्या श्रीमती एच. के. खालसा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व छात्रों को अपनी संस्कृति से जोड़ने और उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच बैलों को सजाने और बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी-अपनी सृजनात्मकता और परंपरागत ज्ञान का परिचय देते हुए नंदी बैलों को रंग बिरंगे कपड़ों, राखियों, फूलों, कौड़ियों आदि से सजाया था। इस अवसर पर वाय. साहू ने छात्रों को बताया कि यह पर्व पशु-धन के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। शाला परिवार ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया।





## प्रीतेश को नांदिया बैल भेंटकर किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ की परंपरा एवं संस्कृति अन्य प्रदेशों से पृथक पहचान रखती है। इसका समन्वय तब देखने को मिला जब भाजपा छग के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री के रूप प्रीतेश गांधी के पदभार ग्रहण के बाद उनके स्वागत व सम्मान कार्यक्रम में अंबेडकर वार्ड के पार्षद कुलेश सोनी, पोस्ट ऑफिस वार्ड पार्षद चंद्रभागा साहू, बनियापारा वार्ड पार्षद पिंटू यादव, रामसागरपारा वार्ड के पार्षद शैलेश रजक ने उन्हें नांदिया बैल भेंट किया। इससे वे अभिभूत नजर आए।

ज्ञात हो कि छग में त्योहारों का विशिष्ट स्थान है। पोला पर्व पर बैलों की पूजा अर्चना कर उनके प्रति आस्था, श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक मान्यताएं हमें विशिष्ट पहचान देती हैं। इसका जिक्र जिसे मोदीजी ने अपने मन की बात में किया है और इसे आगे बढ़ाना हमारा लक्ष्य है। इस दौरान पूर्व पार्षद राजेंद्र शर्मा, देवेंद्र ध्रुवुशी, पिंटू कहार, मुकेश शर्मा, नीलमणि पावरिया, गौतम मानिकपुरी, मोनिश सारथी, बल्ला रजक, रमेश निर्मलकर भी उपस्थित थे।

## राणी सती दादी मंदिर में अमावस्या पर सैकड़ों भक्तों ने किया मंगलपाठ



- दो दिवसीय आयोजन में दूसरे जिले और प्रदेश से भी पहुंचे श्रद्धालु
- साल में एक बार होता है उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर रोड स्थित ग्राम सेहराडबरी में राणी सती दादी मंदिर में अमावस्या पर दो दिवसीय मंगलपाठ का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल हुए। भक्तों ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कर मनोकामना आशीर्वाद मांगा। ज्ञात हो कि धमतरी में भी राजस्थान के झुनझुन में स्थापित राणी सती मंदिर की तर्ज पर दो साल पहले मंदिर का निर्माण हुआ है जहां नित्य पूजा पाठ, आरती भोग, श्रृंगार होता है। भाद्रपक्ष अमावस्या पर विशेष मंगलपाठ का आयोजन हुआ। इस आयोजन में दूसरे जिले और प्रदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर समिति के मोहन अग्रवाल ने बताया कि राणी सती दादी मां ने सती होने से पहले यह कहा था कि साल में एक बार भाद्रपक्ष अमावस्या पर उत्सव का आयोजन किया जाए। मंगलपाठ में हिस्सा लें। इसी सिलसिले में आज तीसरे साल भी मंगलपाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्त शामिल हुए। मंगलपाठ के बाद भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में 22 अगस्त को मेहंदी और अभिषेक का कार्यक्रम हुआ। शनिवार को मंगलपाठ हुआ। इसके बाद 56 भोज, हवन, पूजन, आरती, प्रसादी वितरण हुआ। मंगलपाठ के दौरान कमल अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, पूर्व विधायक रंजना साहू, गोपाल शर्मा, राजू लुंकड़, मदनमोहन खंडेलवाल, सुरेश गोयल, बलराम अग्रवाल, विजय गर्ग, डीपेंद्र साहू, राकेश साहू, पायल अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, शकुन अग्रवाल, ममता अग्रवाल, डा.पूर्वी अग्रवाल सहित

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आज नगर में

**धमतरी।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने बताया कि भाजपा छग किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक ठाकुर आज रविवार को धमतरी पहुंचेंगे। दोपहर 12 बजे घड़ी चौक के पास भव्य स्वागत किया जाएगा। श्री बैस ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जादूगर आरके हीरालाल के शो का हुआ शुभारंभ




**धमतरी।** स्थानीय हरदिहा साहू समाज भवन में 22 अगस्त को जादूगर आरके हीरालाल के शो का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा व विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा महामंत्री महेन्द्र पंडित थे। महापौर ने शाम 7 बजे शो का शुभारंभ हुआ। इस दौरान हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## गजेंद्र के मंत्री बनने पर यादव समाज ने मनाई खुशियां



**धमतरी।** दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव के छग प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने पर यादव समाज ने नगर के घड़ी चौक में आतिशबाजी व मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव, बाबूलाल यदु, रामअवतार यादव, भगत यादव, जनपद सदस्य अनीता यादव, धनेश्वरी यादव, मुकेश यादव, मोहन यादव, खुशहाल यादव, हरिलाल यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, विजय यादव, मनीष यादव, जोहनसिंह यादव, दादूलाल यादव, जगदेव यादव, जितेन्द्र यादव, राकेश यादव, नरेन्द्र यादव, धनेश्वर यादव, बालमुकुंद यादव समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास, नगरी बसस्टैण्ड, सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज